हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 2 नवंबर 2026

04 287 की यूरिया बोरी 450 में बिक रही उड़नदस्ता...



07 बुरहानपुर में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर थिरके...



खबर संक्षेप

शोकसभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

सीहोर। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता के निधन पर रविवार को शहर के बस स्टैंड स्थित आदि श्री होटल में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, समस्त पार्षदगण, क्षेत्रवासी और बड़ी संख्या में पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत पुण्यात्मा को सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में उपस्थित वक्ताओं ने अपने शोक संदेश में कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मां का जाना जीवन की ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी पीड़ा शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती। वक्ताओं ने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनकी गहरी संवेदनाएं शिवराज सिंह चौहान एवं उनके समस्त परिवार के साथ हैं। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति और संबल दें।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई शपथ

सीहोर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिलेभर में राष्ट्रीय एकता की शपथ के कार्यक्रम आयोजित किए। जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों एवं जिला चिकित्सालय में अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। सभी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने सपथ ली।

जमीन माफिया का बड़ा खेल उजागर, निवेशकों की जिंदगी भर की कमाई हड़पी

नकली पिता खड़ा कर बेची जमीन, एक ही प्लॉट के 7-8 सौदे, करोड़ों की ठगी का आरोप

2000 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने का झांसा देकर निवेशकों से एक ही जमीन के करते थे कई सौदे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सस्ती जमीन और मोटे मुनाफे का सपना दिखाकर निवेशकों की जिंदगीभर की कमाई हड़पने का एक कथित संगठित फर्जीवाड़ा सीहोर में सामने आया है। आरोप है कि 2000 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने का झांसा देकर इंदौर और भोपाल के निवेशकों से एक ही जमीन के कई सौदे कर लाखों रुपये के बयाने वसूल लिए गए। इस मामले में कुल डेढ़ से दो करोड़ रुपये की ठगी की शिकायत पुलिस तक पहुंची है।

गिरोह ने 2000 एकड़ के औद्योगिक हब का दिखाया सपना

पीड़ितों के मुताबिक, कथित गिरोह निवेशकों को बताता था कि सीहोर में करीब 2000 एकड़ का नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने वाला है। इसके आसपास जमीन खरीदने पर भविष्य में कई गुना मुनाफा मिलेगा। इसी लालच में इंदौर और भोपाल के व्यापारियों को जमीन खरीदने के लिए तैयार किया जाता था।

3 करोड़ की जमीन 85 लाख में देने निवेशकों को दिया झांसा

ठगी के इस कथित खेल में सस्ते सौदे को सबसे बड़ा हथियार बनाया गया। निवेशकों को बताया जाता था कि बाजार में करीब तीन करोड़ रुपये प्रति एकड़ कीमत वाली जमीन महज 80 से 85 लाख रुपये में मिल जाएगी। इसके बाद 25 लाख, 30 लाख और 40 लाख रुपये तक बयाने के रूप में लेने के आरोप हैं।

एक जमीन के सात से आठ खरीदार!

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि पीड़ितों के अनुसार, जिस जमीन का सौदा उनसे किया गया, उसी जमीन के लिए पहले से सात से आठ अन्य लोगों के साथ भी अनुबंध हो चुका था। खरीदारों को इसकी जानकारी तक नहीं दी गई। जब दस्तावेजों की पड़ताल हुई, तो कथित धोखाधड़ी का खुलासा हुआ।

रिटायर्ड सूबेदार से 25 लाख की ठगी

भारतीय सेना में करीब 30 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए सूबेदार एचएन यादव भी कथित ठगी के शिकार हुए हैं। उन्होंने बताया कि रसूलिया भानपुर क्षेत्र में जमीन खरीदने के लिए ब्रोकरों और कथित किसानों से बातचीत हुई थी। सौदा तय होने पर 25 लाख रुपये लेकर अनुबंध किया गया, लेकिन बाद में पता चला कि उसी जमीन के कई अन्य खरीदार भी हैं।

नकली पिता खड़ा करने का आरोप

पीड़ितों ने आरोप लगाया कि जमीन के सौदों में असली माता-पिता की जगह दूसरे व्यक्तियों को खड़ा किया जाता था। एक पूर्व सरपंच को पांच से दस हजार रुपये देकर नकली पिता के रूप में पेश करने का आरोप भी लगाया गया है। यदि यह तथ्य जांच में प्रमाणित होता है, तो मामला फर्जी पहचान और दस्तावेजों के दुरुपयोग का गंभीर उदाहरण होगा। कोतवाली टीआई गिरीश दुबे के अनुसार, यादव परिवार के कुछ लोगों के नाम जांच में सामने आए हैं। आरोप है कि लकवाग्रस्त पिता के बैंक खाते का इस्तेमाल कर आरटीजीएस के जरिए रकम ली जाती थी। फर्जी व्यक्तियों के माध्यम से अनुबंध कराने की शिकायत भी मिली है।

डेढ़ से दो करोड़ तक पहुंची ठगी की रकम

पीड़ितों ने नारायण सिंह, बंसीलाल, सुनील यादव, संजू यादव सहित इरफान खान, सोहेल खान, सुल्तान खान और अलीम खान के नाम शिकायत में बताए हैं। अन्य शिकायतों में कुछ दूसरे लोगों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। पीड़ितों का दावा है कि चार-पांच से अधिक खरीदारों से कुल डेढ़ से दो करोड़ रुपये तक की रकम ऐंठी गई है।

एक-दो दिन में होगी एफआईआर

कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि इंदौर निवासी एसएन यादव, पूनमचंद राठौर सहित चार से पांच फरियादियों की शिकायत मिली है। पुलिस बयान दर्ज कर दस्तावेजों की जांच कर रही है। एक-दो दिन में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बात कही गई है।

सर्दी ने दी दस्तकः सीजन का पहला कोहरा छाया

दूसरे सप्ताह से 2-3 डिग्री और गिरेगा पारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में आखिरकार ठंड ने अपनी आमद दे दी है। रविवार सुबह इस सीजन का पहला हल्का कोहरा छाया रहा, जिसने सर्दी के आगमन का स्पष्ट संकेत दे दिया है। न्यूनतम तापमान गिरकर 16 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है।बीते 24 घंटों में जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में आए इस बदलाव से दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है।

दिन में धूप, सुबह-शाम गुलाबी ठंड

फिलहाल मौसम का मिजाज दोहरा बना हुआ है। दिन में हल्की धूप के कारण हल्की गर्मी महसूस हो रही है, लेकिन सुबह और देर रात ठंडक बढ़ गई है। लोगों ने सुबह-शाम हल्के गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। खुले मैदानों, खेतों और ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय ओस के साथ हल्का कोहरा भी देखा गया, जिससे विजिबिलिटी थोड़ी कम रही।

दूसरे सप्ताह से कड़ाके की ठंड की आहट

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुमान के मुताबिक नवंबर के दूसरे सप्ताह से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की और गिरावट आ सकती है। इसके बाद पारा 13-14 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिससे सुबह-शाम कड़ाके की ठंड महसूस होगी। दिन का अधिकतम तापमान 28-29 डिग्री के आसपास बने रहने का अनुमान है। राहत की बात यह है कि आने वाले कुछ दिनों में बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम साफ और शुष्क बना रहेगा। आसमान साफ रहने से दिन में धूप खिली रहेगी, जबकि शाम ढलते ही सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ जाएगी। किसानों के लिए भी यह मौसम अनुकूल माना जा रहा है। डॉक्टरों ने बदलते मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

29 नवंबर को बाल विहार मैदान में मनाया जाएगा नगर गौरव दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की गौरवशाली विरासत, ऐतिहासिक पहचान, संस्कृति और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 29 नवंबर को नपा के तत्वावधान में नगर गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के बाल विहार मैदान में आयोजन होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली प्रतिभाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले नागरिकों को नगर गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर रविवार को शहर के बस स्टैंड स्थित आदि श्री होटल में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई।

पत्रकारवार्ता में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नपा सीएमओ सुधीर सिंह, नगर पालिका के समस्त पार्षदगण सहित समाजसेवी बृजमोहन सोनी, कीर्ति श्रीवास्तव, शेर सिंह राजपूत, अशोक सिसोदिया, आशीष पचौरी, राजेश परिहार और बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि पिछले कई वर्षों से मीडिया और पत्रकार बंधुओं के सहयोग से नगर गौरव दिवस का आयोजन भव्यता के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि शहर की पहचान, उपलब्धियों और गौरवशाली परंपराओं को सम्मान देने का अवसर है। इस दौरान शहर की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक परंपराओं और विशिष्ट पहचान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। साथ ही पत्रकारों और शहरवासियों से आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई।प्रतिभाओं को मिलेगा नगर गौरव सम्माननगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि बाल विहार मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शहर और क्षेत्र की उन प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और उपलब्धियों से सीहोर का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभाशाली नागरिकों को नगर गौरव सम्मान प्रदान कर अभिनंदन किया जाएगा।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवसः राजस्व मंत्री ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा प्रदेश के नागरिकों को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की निरंतर प्रगति, विकास और समृद्धि की कामना की। राजस्व मंत्री वर्मा के साथ ही कलेक्टर बालागुरु के. तथा एसपी सोनाक्षी सक्सेना भी इस समारोह में उपस्थिति रहे। समारोह को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और सीहोर जिला विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रगति के कार्य किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी। लोकगीत, समूह गीत, कथक नृत्य एवं समूह लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समारोह को उत्सवमय बना दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय सीहोर की योगिता एवं उनके साथियों ने समूह लोकगीत प्रस्तुत किया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किसान कल्याण स्वाभिमान क्विज प्रतियोगिता में सीहोर जिले के तीन किसानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में भैरूंदा तहसील के ग्राम अतरालिया निवासी किसान हर्ष यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप ट्रैक्टर प्रदान किया गया। भैरूंदा तहसील के ग्राम बगवाड़ा निवासी रमेश चंद्र पंवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर बुलेट तथा बुधनी तहसील के ग्राम सरदार नगर निवासी चैन प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर ई-स्कूटी का पुरस्कार हासिल किया। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा श्रीकृष्ण मेधावी योजना के अंतर्गत भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शासकीय महाविद्यालय रेहटी की छात्रा जिया सैनी एवं शासकीय महाविद्यालय गोपालपुर के छात्र मोहित हरियाले को एक-एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने दोनों विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थापना दिवस समारोह में विधायक सुदेश राय, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीहोर जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल अरोड़ा, जिला पंचायत सीईओ सर्जना, अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, पंकज गुप्ता, सन्नी महाजन, ओम पटेल, जितेंद्र गौड़ सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिला जेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने जिला जेल का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उन्हें विधिक अधिकारों और निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश अग्रवाल ने बंदियों से उनके प्रकरणों की स्थिति, अधिवक्ता की नियुक्ति, अपील एवं जमानत आवेदन तथा जमानत स्वीकृत होने के बाद भी जेल में निरुद्ध बंदियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल की पाकशाला, लीगल एड क्लीनिक, मुलाकाती लीगल एड हेल्प डेस्क, जेल डिस्पेंसरी, महिला सेल एवं बंदियों के बैरकों का निरीक्षण किया। साथ ही पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, पोषण, स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों की उपलब्धता एवं दवाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने महिला बंदियों सहित सभी बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुराग सिंह कुशवाह, जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी, जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल, जेलर दिलीप नायक सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

कमिश्नर तरुण राठी ने कन्या शिक्षा परिसर का किया निरीक्षण

प्रयोगशाला, पुस्तकालय और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल के कमिश्नर तरुण राठी, डिप्टी कमिश्नर नीलेश रघुवंशी एवं जिला समन्वयक अरविंद कुशवाहा द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान कमिश्नर राठी ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सुविधाओं, तकनीकी संसाधनों तथा अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक कार्यप्रणाली एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी जायजा लिया। कमिश्नर राठी ने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं तथा छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं सूर्या फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. विनीत गाबा पूरे निरीक्षण के दौरान कमिश्नर महोदय के साथ उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का संतोषजनक उत्तर देते हुए आवश्यक जानकारी प्रदान की। उप प्रबंधक संदीप मौर्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

गुरु दा लंगर टीम के साथ विधायक ने मरीजों को किया भोजन वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में संचालित गुरु दा लंगर टीम के द्वारा भोजन प्रसादी वितरण के 3 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को जिला अस्पताल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए। विधायक सुदेश राय ने जिला अस्पताल में जरूरतमंद मरीज और उनके परिजनों को गुरु दा लंगर टीम के सदस्यों के साथ भोजन का वितरण किया। गुरु दा लंगर टीम के द्वारा विधायक सुदेश राय का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। विधायक सुदेश राय ने गुरु दा लंगर टीम के द्वारा प्रति रविवार को मरीज और उनके परिजनों को उपलब्ध कराए जाने वाले निशुल्क भोजन व्यवस्था की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि गुरू दा लंगर टीम इसी प्रकार सेवा कार्य करती रहे हर प्रकार का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक सुदेश राय ने भोजन सेवा के 3 वर्ष पूर्ण होने पर गुरु का लंगर टीम को बधाई शुभकामनाएं दी।

खबर संक्षेप

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



भौरासा। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री एवं देश की महान नेता स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मिथुन यादव, जीवन सिंह ठाकुर, नगजीराम यादव, कांतिलाल यादव, रमेश चंद इनानी, चांद भाई, सोहेल चिश्ती, अरविंद चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने मनाई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि



देवास। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री और आयरन लेडी के नाम से सुप्रसिद्ध स्व. इंदिरा गांधी की 42वीं पुण्यतिथि, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में, सिविल लाइन चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। वरिष्ठ नेताओं ने स्व. इंदिरा गांधी के देश के प्रति योगदान को स्मरण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

गोदामों में खाद का अंबार, बाजार में लूट का कारोबार

287 की यूरिया बोरी 450 में बिक रही उड़नदस्ता की कार्यप्रणाली पर संदेह

निर्धारित कीमत से डेढ़ गुना तक अधिक दाम वसूलने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में खाद की किल्लत ने किसानों को दोहरी मार झेलने पर मजबूर कर दिया है। सरकारी आंकड़े खाद के पर्याप्त भंडार की गवाही दे रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में किसान एक-एक बोरी के लिए घंटों भटक रहे हैं। कहीं टोकन के लिए तीन घंटे इंतजार, कहीं पोर्टल का सर्वर डाउन होने से खाली हाथ वापसी तो कहीं निर्धारित कीमत से डेढ़ गुना तक अधिक दाम वसूलने के आरोप। किसानों का दावा है कि 287 रुपये की यूरिया की बोरी 400 से 450 रुपये तक में बेची जा रही है। वहीं 1350 रुपये की डीएपी और एनपीके के लिए 2200 से 2300 रुपये तक मांगे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। सवाल यह है कि जब जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक है तो किसानों को खाद मिल क्यों नहीं रही? कालाबाजारी रोकने के लिए गठित उड़नदस्ता आखिर कहां कार्रवाई कर रहा है?

सरकारी दावों और जमीनी हकीकत में अंतर

कृषि विभाग का दावा है कि जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसएसपी की पर्याप्त उपलब्धता है। इसके बावजूद खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही। किसान सुबह से कतारों में लगते हैं, पोर्टल पर टोकन के लिए इंतजार करते हैं और कई बार घंटों की मशक्कत के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। दूसरी ओर बाजार में महंगे दामों पर खाद मिलने की शिकायतें व्यवस्था की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

287 की यूरिया 450 में, डीएपी के लिए 2300 तक की मांग

स्थानीय किसान राजकुमार खत्री ने आरोप लगाया कि खाद वितरण के लिए पोर्टल प्रणाली अनिवार्य किए जाने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सर्वर डाउन रहने के कारण समय पर टोकन नहीं मिल पाते। अधिया और बटाई पर खेती करने वाले किसानों को भी इस व्यवस्था में खाद हासिल करने में परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि करीब 287 रुपये की यूरिया बोरी 400 से 450 रुपये तक में बेचे जाने की शिकायतें हैं। वहीं 1350 रुपये की डीएपी और एनपीके के लिए 2200 से 2300 रुपये तक वसूले जाने के आरोप हैं। यदि ये शिकायतें सही हैं तो यह किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर की जा रही खुली लूट से कम नहीं है।

घंटों चक्कर, फिर भी नहीं मिला टोकन

चांदबड़ के किसान नंदकिशोर की परेशानी व्यवस्था की हकीकत बयां करती है। उनका कहना है कि वे सुबह से खाद के लिए दुकानों के चक्कर लगा रहे थे। करीब तीन घंटे तक इंतजार और भागदौड़ के बाद भी उन्हें टोकन नहीं मिल सका। खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद नहीं मिलने से फसल प्रभावित होने की आशंका उन्हें सता रही है। किसान रूप सिंह ने बताया कि वे बटाई पर खेती करते हैं, लेकिन मौजूदा वितरण व्यवस्था में उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही। मजबूरी में बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। सवाल यह है कि जिन किसानों के पास जमीन का स्वामित्व नहीं, लेकिन वे वास्तविक रूप से खेती कर रहे हैं, उनके लिए व्यवस्था में राहत का रास्ता क्यों नहीं है?

बिजली संकट ने भी बढ़ाई मुसीबत

खाद की परेशानी के बीच बिजली कटौती ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। किसानों का आरोप है कि 10 घंटे बिजली देने के दावे किए जाते हैं, लेकिन दिन में मुश्किल से तीन से चार घंटे ही बिजली मिल रही है। करीब 15 दिनों से सिंचाई प्रभावित होने की बात भी किसानों ने कही है। खाद और पानी दोनों की उपलब्धता प्रभावित होने से फसलों पर संकट मंडराने लगा है। परेशान किसानों ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायतें भी दर्ज कराई हैं।

18 हजार मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक, फिर भी भटक रहे किसान

किसानों की शिकायतों के बीच कृषि विभाग ने 28 अक्टूबर 2026 की स्थिति में जिले में 18,027.97 मीट्रिक टन यूरिया, 5,733.15 मीट्रिक टन डीएपी, 7,973.10 मीट्रिक टन एनपीके और 9,173.87 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध होने का दावा किया है। विभाग के अनुसार एक से 28 अक्टूबर तक किसानों को 14,263 मीट्रिक टन यूरिया, 7,128 मीट्रिक टन डीएपी, 2,934 मीट्रिक टन एनपीके और 4,105 मीट्रिक टन एसएसपी वितरित किया जा चुका है। आंकड़े बताते हैं कि जिले में खाद का बड़ा भंडार मौजूद है, लेकिन किसानों की कतारें और बाजार में महंगी बिक्री के आरोप वितरण व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठा रहे हैं।

सर्वर डाउन का हवाला, विभाग बोला- अब व्यवस्था सुचारू

कृषि विभाग के सहायक संचालक अनिल कुमार जाट ने बताया कि सुबह IFMS पोर्टल का सर्वर डाउन होने के कारण करीब दो घंटे तक अंगूठा लगाने की प्रक्रिया बाधित रही थी। तकनीकी समस्या को दूर कर लिया गया है और खाद वितरण सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। किसानों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हालांकि किसानों का सवाल है कि यदि समस्या केवल दो घंटे की थी तो खाद के लिए घंटों भटकने और महंगे दामों पर बिक्री की शिकायतों का जवाब कौन देगा?

794 नमूनों की जांच, 22 लाइसेंस निलंबित और छह एफआईआर

विभाग के मुताबिक खाद, बीज और कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान अब तक 794 नमूने लिए गए, जिनमें 26 अमानक पाए गए। अनियमितताओं के मामलों में 22 लाइसेंस निलंबित, दो निरस्त और छह मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। विभाग ने खाद वितरण में पारदर्शिता के लिए ई-टोकन व्यवस्था लागू होने की बात कही है। किसानों से टोकन पर दर्ज कीमत के अनुसार ही भुगतान करने और अधिक राशि मांगने या खाद देने से इनकार करने पर संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से शिकायत करने की अपील भी की गई है।

सुर्खियों में बना महोड़िया में आयोजित शिविर सिंघार ने बोला हमला

राजस्व मंत्री वर्मा के बयान पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





इछावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महोडिया में आयोजित जनविश्वास अभियान के दौरान प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का एक विवादित रूप देखने को मिला। गांव की शराब दुकान बंद कराने की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को मंत्री द्वारा खरी-खोटी सुनाए जाने और उसके पति को जेल भेजने का फरमान सुनाए जाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ा रुख अपनाते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मप्र सरकार पर निशाना साधा है। ग्राम महोड़िया में आयोजित मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के जिला स्तरीय शिविर में क्षेत्र की महिलाएं अपनी पीड़ा लेकर पहुंची थीं। महिलाओं की मुख्य मांग थी कि उनके गांव में संचालित शराब की दुकान को तुरंत बंद कराया जाए, क्योंकि इसके कारण परिवारों का माहौल खराब हो रहा है, आए दिन झगड़े हो रहे हैं और कई घरों की स्थिति बदतर हो चुकी है। महिलाओं को पूरी उम्मीद थी कि स्थानीय विधायक और वरिष्ठ मंत्री होने के नाते करण सिंह वर्मा उनकी समस्या को सुनेंगे और प्रशासनिक अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश देंगे। लेकिन इसके उलट मंत्री महोदय महिलाओं की फरियाद सुनकर भडक़ उठे। उन्होंने समस्या का समाधान करने या सांत्वना देने के बजाय तल्ख लहजे में कहा कि वह उसके पति को थाने में बंद करवा देंगे। इतना ही नहीं उस महिला को कार्यक्रम स्थल से बाहर भी करवा दिया गया, जबकि मंच पर जिले के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने साधा निशाना

इस शर्मनाक और विवादित घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार और मंत्री करण सिंह वर्मा को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को घेरते हुए सरकार से कड़े सवाल पूछे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने बयान में तंज कसते हुए कहा कि महिलाएं शराब दुकान बंद कराने की गुहार लेकर पहुंची थीं, लेकिन मंत्री ने पति को जेल भेजने का फमान सुना दिया। मुख्यमंत्री जी जब महिलाएं शराब के दुष्परिणामों से परेशान होकर सरकार के दरवाजे पर पहुंच रही हैं तो पति को जेल और महिला को कार्यक्रम से बाहर करना कहां का न्याय है, आखिर क्यों सरकार और मंत्री अपनी जवाबदेही से बच रहे हैं।

योग पाठशाला सदस्यों ने लिया हरित, स्वच्छ व स्वस्थ प्रदेश का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर योग की पाठशाला के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर प्रदेश और देश की निरंतर उन्नति, समृद्धि और खुशहाली के लिए संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत योगाचार्य दिनेश शर्मा और कपिल सूर्यवंशी के संबोधन के साथ हुई, जिन्होंने उपस्थित योग प्रेमियों को स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया।पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आयोजित इस विशेष संकल्प समारोह में योग प्रेमियों ने सामूहिक रूप से प्रण लिया कि मध्य प्रदेश पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक सद्भाव के क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयों को छुए। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का स्वस्थ होना, प्रकृति का सुरक्षित रहना तथा समाज में आपसी सहयोग, सद्भाव और सकारात्मकता का भाव विकसित होना बेहद आवश्यक है।योग की पाठशाला के मूल मंत्र स्वस्थ जीवन, सुंदर समाज, समृद्ध प्रदेश को दोहराते हुए सदस्यों ने अपने छोटे-छोटे दैनिक प्रयासों से एक हरित और विकसित मध्य प्रदेश के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

जल संरक्षण के लिए करेंगे प्रेरितयोग की पाठशाला ग्रुप के सदस्यों ने जल संरक्षण, नदियों को बचाने, पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी ने कहा कि हम जल सरक्षण के लिए ओरों को भी प्रेरित करेंगे। इस स्थापना दिवस संकल्प कार्यक्रम में राजकुमार राठौर, वीरेन्द्र सिंह, भारत सिंह चौहान, सुभाष शर्मा, बाबूलाल मेवाड़ा, हनुमत मेवाड़ा, राजेश खंडेलवाल, चरण सिंह राजपूत, मांगीलाल मालवीय, राजेश गुप्ता, विशाल राठौर और फूल सिंह गौर सहित कई अन्य नागरिक शामिल हुए।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता में आष्टा और सीहोर बॉयज के बीच रोमांचक मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तृतीय फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन आष्टा और सीहोर बॉयज के बीच मुकाबला खेला गया। मैच के दौरान दोनों ही टीमों के खिलाडिय़ों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। मध्यांतर के दौरान जिला फुटबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ खिलाड़ी कमलेश अग्रवाल एवं अरुण राठौड़ ने मैदान में पहुंचकर खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ खिलाडिय़ों ने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर लगातार तीसरे वर्ष इस फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के माध्यम से जिले की प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता दिखाने का अवसर मिल रहा है। निश्चित रूप से प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर जिले के सर्वश्रेष्ठ खिलाडिय़ों का चयन कर एक मजबूत जिला स्तरीय टीम तैयार की जाएगी। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के खिलाडिय़ों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। आज के मैच में निर्णायक की भूमिका मनोज अहिरवार एवं विजेंद्र परमार ने निभाई। प्रतियोगिता के अगले दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच सीहोर बॉयज एवं आरएसआई के मध्य होगा, जबकि दूसरा मुकाबला सीहोर क्लब एवं इछावर की टीमों के बीच खेला जाएगा।

चालान से बचने नहीं, परिवार की खुशियां बचाने के लिए पहनें हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दीपावली के अवसर पर देवास–भोपाल फोरलेन हाईवे पर दोपहिया वाहनों की बढ़ती आवाजाही और संभावित सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए डीबीसीपीएल (वर्टिस फाउंडेशन) सीएसआर टीम ने जटाखेड़ा चौराहा एवं अमलाहा टोल प्लाजा सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।अभियान के दौरान चौपाल लगाकर बाइक चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले जागरूक चालकों को फूल भेंटकर सम्मानित किया गया, वहीं परिवार के साथ बिना हेलमेट सफर कर रहे लोगों को पंपलेट वितरित कर सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। सीएसआर टीम ने भावनात्मक संवाद के माध्यम से लोगों को समझाया कि आपका जीवन केवल आपका नहीं, बल्कि आपके परिवार की उम्मीदों और खुशियों से भी जुड़ा है। घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है। आपकी एक छोटी-सी लापरवाही पूरे परिवार की जिंदगी में कभी न भरने वाला खालीपन छोड़ सकती है। हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन और परिवार के सुरक्षित भविष्य के लिए पहनें। यातायात नियम पाबंदी नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का माध्यम हैं।इस अवसर पर भीलखेड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि देवराज पटेल ने स्वयं हेलमेट पहनकर युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने संदेश दिया कि सच्चा जनप्रतिनिधि वही है, जो स्वयं नियमों का पालन करे और समाज को सुरक्षा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दे।कार्यक्रम में अमलाहा टोल मैनेजर वीरेंद्र सिंह चौधरी, नीरज नैन तिवारी, पेट्रोलिंग सुपरवाइजर दिनेश सेन, टोल सुपरवाइजर धर्मेंद्र वर्मा, पेट्रोलिंग सुपरवाइजर विजेंद्र यादव, सुमित चौहान, अनिल सेन, विनोद कन्नौजिया एवं सुनील सारसिया सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने भविष्य में भी सीएसआर प्रबंधन के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।अभियान का संदेश : त्योहार की खुशियां अपनों के साथ मनाएं और सुरक्षित घर लौटें, क्योंकि आपके परिवार के लिए आपका सुरक्षित घर लौटना ही सबसे बड़ा उपहार है।

त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने 13 प्रतिष्ठानों से लिए सैंपल

दूध उत्पाद, मावा निर्माण स्थल व डेयरियों पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी त्योहारों के मद्देनजर आम नागरिकों को शुद्ध एवं मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग के विशेष जांच दलों ने जिले में सघन निरीक्षण अभियान चलाकर 13 प्रतिष्ठानों से दूध, मावा, घी, तेल व मिठाइयों के कुल 27 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए हैं।

इन सभी सैंपलों को विस्तृत परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। त्योहारों के दृष्टिगत शनिवार को दुग्ध संकलन एवं शीत केंद्रों (चिलिंग सेंटर) पर विशेष जांच की गई। इस दौरान मौके पर ही आधुनिक रैपिड किट के जरिए दूध में यूरिया, स्टार्च, नमक, सुक्रोज, ग्लूकोज और माल्टोडेक्सट्रीन जैसे संभावित मिलावटी तत्वों की त्वरित जांच की गई। दल ने भौंरासा में टोल टैक्स के पास बीएमसी मिल्क पॉइंट संचालक गजेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान, सोनकच्छ के नेवरी फाटा स्थित यादव मिल्क सेंटर संचालक दौलत यादव के केंद्र तथा भौंरासा स्थित दीनदयाल गजभिये के चिलिंग सेंटर के टैंक व परिसर में खड़े टैंकर से दूध के नमूने लिए। यद्यपि रैपिड किट की प्राथमिक जांच में मिलावट नहीं पाई गई, फिर भी पूर्ण संतुष्टि एवं विस्तृत परीक्षण के लिए संदेह के आधार पर इन सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। इनमें केंद्रीय लाइसेंसधारी फर्मों की विस्तृत जांच सक्षम केंद्रीय प्राधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।इससे पहले जांच दल ने गुरुवार और शुक्रवार को शहर एवं ग्रामीण अंचलों के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण भी किया। इस दौरान देवास शहर के जामगोद स्थित फर्म प्यूरा व्हाइट डेयरी से मावा, बटर एवं घी तथा बिलावली बायपास चौराहे पर स्थित श्री सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट से मिल्क केक व मावा कतली के नमूने लिए गए। ग्राम क्षिप्रा स्थित फर्म श्यामा डेयरी से मावा एवं मावा कतली लूज, ग्राम डबलचौकी स्थित नैवेद्यम रेस्टोरेंट से मलाई बर्फी तथा मां बिजासनी ट्रेडर्स से घी, नमकीन व सेव के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। इसी प्रकार तहसील कन्नौद में फर्म कच्छावा किराना से बेसन व पुष्प ब्रांड चायपत्ती, फर्म राजस्थान कार्नर से बेसन, मिक्चर, गुलाब जामुन, मावा पेड़ा व जलेबी के नमूने लिए गए।

सेवानिवृत्ति पर स्कूल परिवार ने डॉ. नुजहत अनीस खान को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के संकुल उलझावन हायर सेकंडरी स्कूल में प्राचार्य पद पर पदस्थ डॉ. नुजहत अनीस खान के सेवानिवृत्त होने पर स्कूल परिवार द्वारा भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की और उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। परिवारजनों ने साँवरिया होटल में सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में उनके शुभचिंतकों, परिवारजनों एवं परिचितों ने भी उपस्थित होकर डॉ. नुजहत अनीस खान को सेवानिवृत्ति की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन की एक नई शुरुआत है। इस अवसर पर आत्मीय माहौल में जिले के शिक्षा विभाग अधिकारी आर.आर. उइके, बी.ओ. रूपश्री नागेश, पूर्व एक्सीलेंस स्कूल प्रचार्य आर.के. बांगरे, कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा प्रीतिनिधि, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.एस.सी. जायसवाल एवं सभी स्कूलों के प्रमुख और गणमान्य नागरिकों द्वारा उनका सम्मान किया गया।

कई बार प्रशासन की टीमें भी पहुंच चुकी है लेकिन मामले में कार्रवाई सिफर रही

जामोन्या बड़ली में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से जारी मुरुम का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

तहसील की जामोन्या बड़ली पर लंबे समय से जमकर मुरुम का अवैध खनन हो रहा है। जबकि यहां खनन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। बावजूद इसके दर्जनो डम्पर, जेसीबी और पोकलेन मषीनो की सहायता से प्रतिदिन बड़ी तादाद में मुरुम खनन कर बड़ली को खोखला किया जा रहा है। हालात यह है कि जहां कभी बड़ा पहाड़ नजर आता था। वहां मुरुम खनन के चलते समतल मैदान हो चुका है।

सवाल यही है कि आखिरकार प्रतिबंध के बावजूद इतना व्यापक मुरुम खनन किसकी शह पर चल रहा है। कई बार प्रशासन की टीमे भी यहां पहुंच चुकी है लेकिन मामले में आज तक कोई कार्रवाई नही हो सकी है। जिसे देखकर कही न कही अवैध खनन के पीछे जिम्मेदारो की मौन स्वीकृति की चर्चा तेजी से फेल रही है। प्रतिबंध के बावजूद खनन के मामले क्यों कार्रवाई नही हो पा रही है इसका जवाब तहसील के राजस्व, वन सहित खनन अधिकारियो के पास भी नही है।



वन विभाग ने लगाया था प्रतिबंध

जानकारी के अनुसार कुछ साल पहले इस खदान पर मुरुम खनन के लिए विधिवत रूप से खनिज विभाग से लीज जारी की गई थी। लेकिन यहां खनन प्रक्रिया शुरू होते ही यह क्षेत्र ईको सेंसेटिव जोन में आने के चलते यहां वन विभाग ने खनन पर अपनी रोक लगा दी थी। लेकिन क्षेत्र में रेलवे सहित दूसरे सरकारी निर्माण शुरू होते ही यहां बिना किसी वैध अनुमति के जमकर खनन होने लगा। लगातार खनन की षिकायते प्रषासन के पास पहुंच रही है। पूरा मामला प्रषासन के संज्ञान में होने के बाद भी यहां कार्रवाई न होना बड़ी सांठगांठ की और इषारा कर रहा है। सवाल यही है कि प्रतिबंध के बावजूद खनन को अंजाम देने वालो के खिलाफ कार्रवाई क्यों नही हो पा रही है।

मौके पर मिला खनन, लेकिन कार्रवाई के नाम पर चुप्पी

जानकारी के अनुसार इस बड़ली पर अवैध खनन की शिकायत के बाद राजस्व टीम ने भी मौका मुआवना कर यहां व्यापक अवैध खनन की गतिविधियां संचालित होने की रिपोर्ट तैयार की थी। बताया जाता है कि राजस्व विभाग ने जिला प्रशासन को अवैध खनन संबंधि जांच प्रतिवेदन भी भेजा था। लेकिन यहां अभी तक कोई कार्रवाई देखने को नही मिली है। जबकि मौके पर लगातार खनन जारी है। प्रतिदिन सैकड़ो डम्पर मुरम खोदकर ले जाई जा रही है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर अधिकारी मामले को दिखवाने की बात कहते हुए अपने दायित्वो की इतिश्री करते नजर आ रहे है।

इनका कहना है

मामले को दिखवाते है। खनिज विभाग के साथ मिलकर जांच करेंगे। पूर्व में खनन की षिकायतो पर कुरावर तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी।

अनाग्रिका कनोझिया,
तहसीलदार नरसिंहगढ़

खनन मामले में खनिज विभाग को जांच के लिए निर्देषित करेंगे। पूरे मामले को दिखवाता हूँ।

अजय प्रताप सिंह,
एसडीएम नरसिंहगढ़

आदिवासी लोकनृत्य ने मोहा मन

बुरहानपुर में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर थिरके जनप्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का जिला स्तरीय समारोह रविवार को इंदिरा कॉलोनी स्थित परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। समारोह में आदिवासी लोकनृत्य की प्रस्तुति हुई। ढोल की थाप पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक अर्चना चिटनिस, मंजू दादू महापौर माधुरी पटेल और कलेक्टर लोक कलाकारों के साथ झमते नजर आए।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल, कलेक्टर विवेक कुमार और अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद राष्ट्रगीत और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन हुआ। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि 1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आए मध्यप्रदेश के 70 साल पूरे होना गौरव की बात है। इन सात दशकों में प्रदेश ने विकास और सांस्कृतिक पहचान की लंबी यात्रा तय की है।

विधायक बोलीं- विविधता में एकता का प्रतीक है मध्यप्रदेश

नेपानगर विधायक मंजू दादू ने कहा कि मध्यप्रदेश विविधता में एकता का प्रतीक है। यहां देश के अलग-अलग राज्यों के लोग आपसी सद्भाव के साथ रहते हैं। कलेक्टर विवेक कुमार ने जिले की ऐतिहासिक और धार्मिक विशेषताओं के बारे में जानकारी दी।

'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' का संकल्प, प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

परमानंद गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी हुई। आयोजन जिला समिति द्वारा किया गया। म.प्र. वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष संजय नगायच मुख्य वक्ता रहे, अध्यक्षता विधायक एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने की। वंदे मातरम् से कार्यक्रम शुरू हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने स्वागत उद्बोधन दिया। चिटनिस ने नगायच को 'वंदेमातरम की आत्मकथा' पुस्तक भेंट की। नगायच ने कहा, लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, पर विरोध के नाम पर चुनाव आयोग, न्यायपालिका जैसी संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाना उचित नहीं। जनादेश का सम्मान सभी दलों का दायित्व है।

चिटनिस ने कहा निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदाता सूची की शुद्धता जरूरी है। मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (रकफ) जरूरी है। इस पर भ्रम फैलाना गलत है। उन्होंने राहुल गांधी की बयानबाजी पर सवाल उठाते हुए कहा, विदेशी ताकतों के एजेंडे से सजग रहना होगा। पीएम मोदी की शांति-केंद्रित विदेश नीति और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की सोच का उदाहरण दिया। 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र करते हुए पीड़ितों के न्याय की बात कही। संगोष्ठी में लोकतंत्र सेनानी अरुण शेंडे, महापौर माधुरी पटेल, चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, साधना तिवारी, रजनी चौधरी, जयंती नवलखे, प्रदीप पाटिल सहित व्यापारी और सामाजिक संगठनों के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

कृषि क्विज के विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार

मंदसौर। किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत कृषि लोकोत्सव के उपलक्ष में संस्कृति विभाग एवं वीर भारत न्यास द्वारा किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व अंतर्गत ऑनलाइन कृषि क्विज का आयोजन विगत दिनों किया गया था उसके विजेता किसानों को 1 नवंबर को मंदसौर में आयोजित मध्य प्रदेश स्थापना दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किए गए। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में किसानों को उपयोगी पुरस्कार प्रदान किए गए हैं जिससे किसान प्रसन्न है। स्थापना दिवस कार्यक्रम में अतिथियों के हाथों प्रथम पुरस्कार विजेता जिले के ग्राम नावन खेड़ी के खुमान सिंह पिता उदय सिंह सिसोदिया को ट्रैक्टर के लिए 726000 का चेक प्रदान किया। इसी प्रकार द्वितीय पुरस्कार विजेता अर्जुन पाटीदार को बुलेट मोटरसाइकिल के लिए 168000 है का पुरस्कार प्रदान किया गया। ग्राम रणायरा खेड़ा की पूजा शर्मा को स्कूटी के लिए 120000 रुपए की राशि प्रदान की गई है।

सनातन धर्म की मूल भावना, धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता के संरक्षण के उद्देश्य निकाली जा रही यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में शिवधाम उज्जैन से रामधाम अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शनिवार को राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। इस अवसर पर भगवान बाबा रामदेव जी मंदिर, दंड जोड़, कालीपीठ रोड पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यात्रा सनातन धर्म की मूल भावना, धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के उद्देश्य से निकाली जा रही है।

सिंह ने देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर चंदे की राशि में हो रही कथित अनियमितताओं एवं धार्मिक स्थलों से सामग्री की चोरी के मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित चंदे एवं दान की राशि का पारदर्शी तरीके से उपयोग होना चाहिए। धार्मिक स्थलों की संपत्ति की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं में जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास कायम रहे।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सत्य, सेवा, सद्भाव, करुणा एवं सामाजिक एकता का संदेश देता है। धार्मिक आस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का उद्देश्य इन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना एवं सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर,हेमराज कल्पोनी, रामचंद्र दांगी, रामप्रसाद दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, प्रेमसिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

दुकानों से नमूने लिए, 15 किलो घी जब्त

खाद्य विभाग ने 15 किलो पनीर नष्ट कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

बुरहानपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को दुकानों का अचानक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए और कुछ सामान नष्ट कराया। मंडी बाजार की अमृत डेयरी से घी और पनीर के नमूने लिए गए। यहां 15 किलो पनीर नष्ट कराया गया और 15 किलो घी जब्त किया गया। मंडी बाजार की रईस जलेबी से मावा और सिंधी बस्ती की शालीमार कोल्ड ड्रिंक से पनीर का नमूना लिया गया।

मदीना स्वीट्स और रहमानिया होटल में कमियां मिलने पर नोटिस जारी किए जाएंगे। फेमस मिल्क डेयरी में बाहर से आया करीब 50 लीटर दूध नष्ट कराया गया। सभी नमूने जांच के लिए भोपाल लैब भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित दुकानों के खिलाफ



मामले तैयार कर एडीएम न्यायालय में पेश किए जाएंगे। जांच खाद्य औषधि प्रशासन विभाग इंस्पेक्टर कमलेश डाबर और उनकी टीम द्वारा की गई।

उर्दू माध्यम के छात्रों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें नहीं मिलने पर कलेक्टर से गुहार

बुरहानपुर। जिले में कक्षा पहली से 12वीं तक उर्दू माध्यम की शालाएं संचालित हैं, जिनमें 6 हायर सेकेंडरी स्कूल हैं और हजारों छात्र अध्ययनरत हैं। शासन ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक सभी छात्रों को दर्ज संख्या के अनुसार मुफ्त पाठ्य पुस्तकें देने का आदेश दिया है। अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश सलाहकार अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशफाक खान ने कलेक्टर विवेक कुमार से निवेदन किया है कि शासन के आदेश के बाद भी आधा सत्र बीतने तक उर्दू माध्यम के 9वीं से 12वीं के छात्रों को किताबें नहीं मिलीं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के पत्र क्रमांक 156 दिनांक 28.01.2025 और पत्र क्रमांक 103 दिनांक 23.01.2026 में स्पष्ट निर्देश है कि मनोविज्ञान की पुस्तक एनसीईआरटी साइट से और उर्दू माध्यम की पुस्तकें विमर्श पोर्टल से डाउनलोड कर वितरित की जाएं। संघ ने बताया कि खैराती बाजार उर्दू हायर सेकेंडरी में दो शिक्षिकाएं पदस्थ हैं, जबकि बहादुरपुर में फिजिक्स के लिए मराठी माध्यम की शिक्षिका पदस्थ हैं, जिन्हें उर्दू का ज्ञान नहीं होने से गणित-फिजिक्स की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उर्दू शिक्षकों की व्यवस्था और हिंदी माध्यम के शिक्षकों को हिंदी माध्यम की शालाओं में पदस्थ करने की मांग की गई है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष साकिर मिर ने भी सहयोग की अपील की है।

पान कृषकों को शून्य ब्याज पर मिलेगा एक लाख 20 हजार तक का केसीसी ऋण

मंदसौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत भानपुरा में आयोजित शिविर के दौरान पान की खेती करने वाले कृषकों द्वारा पान की खेती हेतु किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से साख सीमा ऋण उपलब्ध कराने की मांग रखी गई थी। कृषकों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा 25 अक्टूबर को आयोजित तकनीकी समूह की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार अब जिले में पान की खेती करने वाले पात्र लगभग 300 कृषकों को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के माध्यम से 1 लाख 20 हजार रूपए तक का केसीसी ऋण शून्य प्रतिशत (0%) ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा।

इस निर्णय से मंदसौर जिले के भानपुरा क्षेत्र एवं नीमच जिले के कुकड़ेश्वर क्षेत्र में पान की खेती करने वाले कृषकों को विशेष लाभ प्राप्त होगा। इससे कृषकों को खेती के लिए आवश्यक पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा उन्हें साहूकारों एवं अन्य अनौपचारिक ऋण स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने में सहायता मिलेगी। यह निर्णय कृषक हितों के प्रति जिला प्रशासन की संवेदनशीलता एवं सहकारिता के माध्यम से कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे पान उत्पादक कृषकों को संस्थागत ऋण सुविधा का लाभ मिलेगा।

शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का भ्रमण कार्यक्रम

मंदसौर। प्रदेश के उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार दो नवंबर को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार परमार 2 नवंबर को प्रातः 10:15 बजे शामगढ़ से प्रस्थान कर प्रातः 10:30 बजे धर्मराजेश्वर में आयोजित यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेंगे। परमार इसी दिन शाम 4 बजे शामगढ़ से शाजापुर जिले की ओर प्रस्थान कर जाएंगे।

स्वच्छ वातावरण ही निरोगी काया का आधार



मंदसौर। मंदसौर नगर को साफ स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी आमजन व नगरपालिका दोनों की है । दोनों के आपसी सामंजस्य से ही मंदसौर नगर स्वच्छ हो पाएगा । नगर स्वच्छ रहेगा तो आम जनता भी स्वस्थ रहेगी। जिससे प्रत्येक व्यक्ति को अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए कम खर्च करना होगा। वहीं सरकार के भी स्वास्थ्य बजट में कमी आएगी। इससे प्रत्येक व्यक्ति के साथ ही देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उक्त विचार इंजीनियर सौभागमल जैन ने व्यक्त किए। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को जल संवर्धन, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे। अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में चन्द्रशेखर गौड़, रमेश सोनी, राजनारायण भटनागर, रामचंद्र रैकवार आदि ने भाग लिया।

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय समारोह आयोजित

मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले के सुवासरा के विधायक हरदीप सिंह डंग थे। जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष श रमा देवी गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, नानालाल अटोलिया, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी, एसडीम शुभम पाटीदार, डिप्टी कलेक्टर शुभम गुर्जर, डिप्टी कलेक्टर रोहित राणावत, महिला बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी अंकिता पंड्या, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, तहसीलदार नीलेश पटेल, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी, नागरिक गण किसान आदि उपस्थित थे।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि मध्य प्रदेश का गौरवशाली अतीत है यहां की भूमि ऐतिहासिक है मध्य प्रदेश की धरती देवों, संतो, महापुरुषों की धरती है मध्य प्रदेश में विक्रमादित्य जैसे सम्राट हुए हैं जिनका न्याय प्रसिद्ध है मध्य प्रदेश की धरती पर चंद्रशेखर आजाद जैसे बलिदानी ने जन्म लिया है, यह धरती राजा भोज की है मध्य प्रदेश की धरती पर नर्मदा मैया बहती है यहां भगवान महाकाल विराजमान है।

जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमने मध्य प्रदेश की धरती पर जन्म लिया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा है अधोसंरचना, उद्योग निवेश, महिला सशक्तिकरण, खेती आदि सभी क्षेत्रों में विकास किया जा रहा है उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का गौरवशाली इतिहास है मध्य प्रदेश अपने पर्यटन स्थलों प्रकृति और भौगोलिक स्थिति के लिए जाना जाता है इसके साथ ही पाटीदार ने अपने उद्बोधन में मंदसौर जिले के इतिहास प्राचीन शासको राजवंशों तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी भी प्रदान की। उन्होंने देश के लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान के बारे में भी अपने उद्बोधन में बताया। नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज मध्य प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित है शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों से मध्य प्रदेश देश के अग्रणी प्रदेशों में सम्मिलित हो चुका है। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा मध्य प्रदेश एक समृद्ध प्रदेश है यहां की प्रकृति सुंदर है प्रदेश में अनेक पर्यटन तथा धार्मिक ऐतिहासिक स्थल है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा सुंदर मध्य प्रदेश गान के माध्यम से भी प्रदेश की विशेषताएं बताई गई है।

भानपुरा के वीडी जोशी का बेस्ट इन्वेस्टिगेशन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक के लिए चयन

भानपुरा। मप्र चौकी प्रभारी वीडी जोशी का बेस्ट इन्वेस्टिगेशन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक 2026 के लिए चयन किया गया है। नामदेव समाज भानपुरा के सचिव व राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत शिक्षक हरीश नामदेव ने बताया कि देशभर के 123 अफसरों का इस पदक के लिए चयन किया गया है, जिसमें मप्र से 6 अधिकारियों के चयन में नामदेव छीपा समाज एवं नगर भानपुर के निवासी वीडी जोशी भी शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि वीडी जोशी ने 2024 में औद्योगिक क्षेत्र थाना टीआई रहते विंड पावर कंपनी के गार्डों द्वारा चोरी करने आए एक युवक की हत्या के मामले में आरोपियों को आजीवन कारावास करवाया। वहीं डीडी नगर थाना के टीआई रहते हुए ईश्वर नगर में शादी के दौरान चाकू मारकर हत्या करने और लालगुवाड़ी में पत्नी की हत्या कर नाले में शव छिपाने के मामले में पति को आजीवन कारावास करवाया। इन तीनों प्रकरणों में उत्कृष्ट विवेचना के लिए जोशी का चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया है। वीडी जोश/ विष्णुदयाल जोशी नगर भानपुरा के ही निवासी व रिटायर्ड थानाधिकारी एस डी जोशी के छोटे भाई है।

खबर संक्षेप

पार्वती पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

सीहोर। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, अति पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में एसडीओपी दामोदर गुप्ता के निर्देशन में व थाना प्रभारी पार्वती हरि सिंह परमार के नेतृत्व में पार्वती थाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर इंदौर, भोपाल हाईवे चौपाटी के पास संकल्प हॉस्पिटल के पास आरोपी ब्रह्मदेव पिता दौलत सिंह उम्र 50 साल निवासी पगारिया राम के कब्जे से अवैध रूप से रखा मादक पदार्थ गांजा करीब 790 ग्राम पुलिस टीम द्वारा जप्त किया। गिरफ्तार आरोपि ब्रह्मदेव पिता दौलत सिंह उम्र 50 साल कलोता निवासी पगरिया राम से अवैध मादक पदार्थ लाने के स्त्रोत के सम्बन्ध मे बारीकी से पूछताछ कर तकनीकी रूप से भी जानकारी एकत्र की जा रही है।

सुरक्षित बचपन अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ

सीहोर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 01 नवम्बर से 06 नवम्बर तक आयोजित होने वाले सुरक्षित बचपन अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ एवं एक दिवसीय 'उड़ान' कार्यशाला का आयोजन 01 नवम्बर को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, जिला अनूपपुर में किया गया। राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब लाइव के माध्यम से एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय परिसर सीहोर में किया गया।

लगातार नौवें वर्ष संडे का सुकून ने 450 बच्चों संग मनाई सुकून की दिवाली

दीपावली से पहले उपहार पाकर छोटे-छोटे बच्चों ने बोला- वी लव यू संडे का सुकून

शहर के पुलिस अधिकारियों, अर्जुन अवॉर्डी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने बच्चों के बीच पहुंचकर बांटी खुशियां, उपहार पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खुशियां बांटने से बढ़ती हैं और त्योहारों की असली सार्थकता तभी है, जब उनकी खुशियों में समाज का हर वर्ग शामिल हो। इसी मानवीय सोच और सेवा के संकल्प के साथ सामाजिक संस्था 'संडे का सुकून' ने लगातार नौवें वर्ष वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। संस्था की इस अनूठी पहल का उद्देश्य उन बच्चों तक भी त्योहार की खुशियां पहुंचाना है, जो आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों के चलते इन खुशियों से अक्सर वंचित रह जाते हैं। इस वर्ष का आयोजन कई मायनों में खास रहा। शहर एवं प्रदेश के कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें स्नेह, आशीर्वाद एवं प्रोत्साहन दिया। उनकी मौजूदगी ने आयोजन की रौनक को और बढ़ा दिया तथा सोशल मीडिया की लोकप्रियता को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का एक सकारात्मक संदेश भी दिया। आयोजन में अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अभिनंदना शर्मा, पैरालंपिक पदक विजेता एवं अर्जुन अवॉर्डी कपिल परमार तथा सूबेदार प्राची राजपूत शामिल हुए। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि आवश्यकता पड़ने पर वे सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने बच्चों एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से हानिकारक पटाखों का उपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया। हर वर्ष की तरह इस बार भी बच्चों को संस्था की टीम का बेसब्री से इंतजार था। बच्चों के चेहरे पर दिख रहा उत्साह और उमंग इस आयोजन के प्रति उनके जुड़ाव को बयां कर रहा था।

संस्था की टीम बच्चों के लिए पढ़ाई एवं खेलकूद से संबंधित विभिन्न उपयोगी उपहार लेकर पहुंची। उपहार पाकर बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ वी लव यू संडे का सुकून कहकर टीम के प्रति अपना प्यार जाहिर किया। कार्यक्रम में बच्चों के मनोरंजन के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे। आकर्षक भीम एवं गोरिल्ला डांस ने बच्चों का खूब मनोरंजन किया, वहीं स्वादिष्ट नाश्ते की व्यवस्था ने आयोजन की रौनक को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे अर्जुन अवॉर्डी एवं पैरालंपिक पदक विजेता कपिल परमार ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और अपने संघर्ष, मेहनत तथा सफलता के सफर की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि किस तरह कठिन परिस्थितियों के बावजूद दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से अपने लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। नौ वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही 'सुकून की दिवाली' अब केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सामाजिक सहभागिता और खुशियां बांटने की एक खूबसूरत परंपरा बन चुकी है। संस्था की यह पहल समाज को संदेश देती है कि त्योहारों की रोशनी तभी सार्थक है, जब उसकी चमक हर घर और हर चेहरे तक पहुंचे।

864 ग्राम गांजे के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

आष्टा पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना आष्टा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गांजा बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 864 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। थाना प्रभारी रमन ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। 31 अक्टूबर को थाना आष्टा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि इस्लामपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से गांजा बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और गठित पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद व्यक्ति की घेराबंदी कर तलाशी ली तो उसके पास मौजूद सफेद रंग की पॉलीथिन में रखी पारदर्शी पन्नी में मादक पदार्थ मिला। मौके पर ही इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल करने पर कुल वजन 864 ग्राम पाया गया, जिसकी कीमत बाजार में हजारों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने बरामद गांजे को विधिवत जप्त कर आरोपी समीर खान पिता सलीम खान उम्रः 38 सालनिवासीः इस्लामपुरा, आष्टा को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह यह गांजा कहां से लाया था और किसे बेचने वाला था। प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी है। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई के लिए टीम को बधाई दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी आष्टा रमन ठाकुर, उप निरीक्षक अनिल डोडियार, सहायक उप निरीक्षक सुभाष कटारे, आरक्षक संजय शर्मा, आरक्षक अमन, आरक्षक महेंद्र और आरक्षक हरिओम की सराहनीय भूमिका रही।

सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग में वीडीसीए सीहोर की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में वीडीसीए सीहोर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एजीसीए भोपाल को 116 रन के विशाल अंतर से पराजित किया। वहीं दूसरे मुकाबले में एलबी शास्त्री की टीम ने रोमांचक खेल दिखाते हुए बीसीए भोपाल को शिकस्त दी।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अकादमी के डायरेक्टर जगदीश कुशवाहा, अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, अकादमी के सीनियर कोच अतुल कुशवाहा, मनोज दीक्षित मामा, महेन्द्र शर्मा, कोच चेतन मेवाड़ा, गौरव पिचोनिया और मयंक जैन सहित अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

अरबाज और विकास की शानदार बल्लेबाजी

पहले मुकाबले में वीडीसीए सीहोर ने टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 183 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अरबाज ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 61 गेंदों पर तीन छक्के और नौ चौकों की मदद से 88 रन की विस्फोटक पारी खेली। वहीं विकास ने 36 गेंदों पर 57 रन बनाकर टीम के स्कोर को मजबूती प्रदान की। एजीसीए भोपाल की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिव शक्ति शुक्ला और राज तंवर ने एक-एक विकेट हासिल किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एजीसीए भोपाल की टीम वीडीसीए सीहोर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। वीडीसीए ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 116 रन के बड़े अंतर से अपने नाम किया।

एलबी शास्त्री ने रोमांचक मुकाबले में दर्ज की जीत

दिन का दूसरा मुकाबला बीसीए भोपाल और एलबी शास्त्री की टीमों के बीच खेला गया। इसमें बीसीए भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 146 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलबी शास्त्री की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया और 18.3 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह एलबी शास्त्री ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को भी दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच वीडीसीए सीहोर और पठान भोपाल के बीच सुबह खेला जाएगा। वहीं दोपहर में दूसरा मुकाबला एलबी शास्त्री और इंदौर निखिल की टीमों के बीच होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों को शामिल किया गया है। आने वाले दिनों में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

गगन जन सेवा समिति ने आयोजित किया निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को एक बड़ा निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। पावर हाउस चौराहा स्थित मोदी मांगलिक भवन में गगन जन सेवा समिति द्वारा आयोजित इस शिविर का शुभारंभ विधायक सुदेश राय और समाजसेविका श्रीमती अरुणा राय ने किया।शिविर में 55 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की विभिन्न बीमारियों की निशुल्क जांच की और परामर्श दिया। हृदय रोग, शुगर, बीपी, नेत्र रोग, दंत रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग सहित कई बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहे। बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों ने शिविर का लाभ उठाया।शिविर का अवलोकन करते हुए विधायक सुदेश राय ने मरीजों और डॉक्टरों से विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सक डॉ. गगन नामदेव और उनकी गगन जन सेवा समिति द्वारा समाज की निस्वार्थ भाव से तत्परता के साथ सेवा की जा रही है, जो अत्यंत सराहनीय है। शिविर में आए मरीज और उनके परिजन भी डॉ. गगन और उनकी टीम की प्रशंसा कर रहे हैं। जनहित में लगाया गया यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निश्चित ही लाभदायक सिद्ध हुआ है।इस अवसर पर डॉ. गगन नामदेव और उनकी पूरी टीम द्वारा विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय का स्वागत सम्मान किया गया।शिविर में रक्त जांच, शुगर जांच, बीपी, ईसीजी जैसी विभिन्न प्रकार की जांचें निशुल्क की गईं। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। सुबह से ही शिविर में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

उप निरीक्षक धन सिंह भाटी हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



सीहोर। जिले के पुलिस विभाग से अपनी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवक को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागृह में आयोजित एक विदाई कार्यक्रम के दौरान विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त अधिकारी के उत्कृष्ट कार्यकाल को याद किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवक को पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल, उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें सेवा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसपी श्रीमती सक्सेना ने उनके लंबे और समर्पित सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया, उनके परिवार की जानकारी ली तथा उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं दीर्घायु रहने की शुभकामनाएं दीं। विभागीय जानकारी के अनुसार, धन सिंह भाटी सहायक उप निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं देते हुए 42 वर्ष 06 माह 21 दिवस का लंबा सेवाकाल पूर्ण किया है। इस विदाई समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़, सूबेदार अजय भिरे, उप निरीक्षक राहुल श्रीवास्तव सहित सेवानिवृत्त शासकीय सेवक के परिजन और कार्यालयीन स्टाफ के तमाम सदस्य उपस्थित रहे।

माध्यमिक शाला में पांच दिवसीय विषय वार प्रशिक्षण किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पंच दिवसीय विषय वार प्रशिक्षण द्वितीय चरण आष्टा जनपद शिक्षा केंद्र आष्टा द्वारा शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला किला भवन में विषय वार पंच दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का समापन 31 अक्टूबर को बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत ,लेखापाल हरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रशिक्षण प्रभारी मनोहर लाल विश्वकर्मा के नेतृत्व मार्गदर्शन में समापन हुआ। विषयवार प्रशिक्षण में एम टी लखन लाल जोमर, लखन सिंह ठाकुर सामाजिक विज्ञान, देवराज सोनी, आनंद वर्मा गणित, इंदर सिंह ठाकुर , महेश मालवीय विज्ञान का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। विकासखंड के सभी विद्यालय के शिक्षक सहभागिता करेंगे। प्रशिक्षण एनईपी 2020 एनसीएफ 2023 के अनुसार पंच दिवसीय जिसमें तीन दिवस विषय वार, दो दिवस एआई, ई कंटेंट्स कक्षा को आनंददायी बनाना। योग व नैतिक शिक्षा से संबंधित प्रशिक्षण हुआ। राज्य शिक्षा केंद्र अनुसार एनईपी 2020, एनसीएफ 2023 प्रशिक्षण उद्देश्य कक्षा 7 की नवीन पाठ्य पुस्तक में किए हुए बदलाव से पूर्ण रूप से परिचय व दो बहु विधि शिक्षण, विधि अभिव्यक्ति का प्रभावी उपयोग करना प्रभावी पाठ योजना बनाना, एआई व कक्षा प्रक्रिया में ई कंटेंट्स का जागरूकता पूर्वक शिक्षक द्वारा शिक्षण उपयोग सुनिश्चित किया जाना, कक्षा कक्ष को आनंददायी बनाना, विभागीय शिक्षण ऐप एवं उन पर उपलब्ध कोर्स करना और उनका उपयोग शिक्षण में करना नंबर पांच नैतिक शिक्षा मानसिक स्वास्थ्य और कर्मचारी निष्ठा के कोर्स करना द्वितीय चरण में विकासखंड के शिक्षक जो गणित विज्ञान, सा विज्ञान अध्यापन कराते हैं।

थाना परिसर में दिखाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इसी क्रम में थाना जावर परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया।शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में जावर थाना प्रभारी सहित समस्त थाना स्टाफ, स्थानीय स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने कर्तव्य पथ, नई दिल्ली से प्रसारित हो रही भव्य एकता दिवस परेड का सीधा प्रसारण देखा।इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन और विभिन्न सुरक्षा बलों की परेड को देखकर सभी में देशभक्ति का भाव जागृत हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश की सुरक्षा के प्रति समर्पित रहने की शपथ भी ली।थाना प्रभारी ने इस अवसर पर कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एकीकृत कर अखंड भारत का निर्माण किया था। उनके आदर्शों पर चलकर ही हम देश की एकता को मजबूत रख सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे राष्ट्र की एकता के लिए हमेशा तत्पर रहें।

बमुलिया रायमल में मां अंबे के दरबार में महाआरती का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम बमुलिया रायमल में चल रहे 5 दिवसीय गरबा महोत्सव का शुक्रवार को पंचम दिवस पर भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर मां अंबे के दरबार में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे गांव ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।मां के दरबार को गांव के नव युवाओं ने बड़े ही सुंदर तरीके से फूलों से सजाया था। फूलों की खुशबू और रोशनी से पूरा दरबार जगमगा उठा। शाम होते ही गांव के हर घर से महिलाएं, पुरुष और बच्चे सजी हुई आरती की थाली लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में मां अंबे के दरबार में पहुंचे। पूरा गांव जय माता दीर के जयकारों से गूंज उठा। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर तुलादान किया गया। मान्यता के अनुसार जो भी यहां सच्चे मन से मन्नत मांगता है, मां अंबे उसकी मन्नत जरूर पूरी करती हैं और फिर भक्त तुलादान, महाप्रसादी एवं गरबा कार्यक्रम का आयोजन करवाते हैं। इस वर्ष पूर्व सरपंच कृपाल सिंह की बेटियां छाया ठाकुर, माया ठाकुर और बबीता ठाकुर की ओर से मां अंबे के दरबार में महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाआरती के बाद गरबा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें बाहर से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।गांव के वरिष्ठ जन एवं बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि मां अंबे के दरबार में गरबा करने की यह परंपरा कई पीढ़ियों, सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गांव की आस्था और एकता का प्रतीक है।कार्यक्रम में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मंच संचालन दशरथ सिंह तेजाजी और वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया, जो निस्वार्थ भाव से मां अंबे के दरबार में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं।

पार्षद प्रतिनिधि ने अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को पकड़ने की मांग

नगर में आवारा मवेशियों से हादसों का रहता है अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में आवारा सांडों की बढ़ती संख्या और उनके हमलावर व्यवहार से रहवासी परेशान हैं। आए दिन सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमते आवारा सांडों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कई बार ये सांड राह चलते लोगों और वाहन चालकों पर हमला कर देते हैं, जिससे लोगों को चोटें भी पहुंच रही हैं। हाल ही में एक आवारा सांड ने एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों में भय और चिंता का माहौल है। छावनी और बाजार के क्षेत्र में आगामी त्यौहारों को देखते हुए भीड़ बढ़ेगी जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ेगी इसलिए तत्काल प्रभावी कदम उठाया जाए। इस समस्या को लेकर पार्षद प्रतिनिधि आशीष गहलोत ने जिला प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न मार्गों, गलियों, बाजारों और रहवासी क्षेत्रों में आवारा सांडों का जमावड़ा देखा जा रहा है। कई बार सांड सड़क के बीचोंबीच खड़े हो जाते हैं या अचानक राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों की ओर दौड़ पड़ते हैं। ऐसे में बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं और वाहन चालकों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्री गहलोत ने कहा कि आवारा सांडों के कारण होने वाली घटनाएं लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं। गत दिनों एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की घटना ने इस समस्या की गंभीरता को सामने ला दिया है। यदि समय रहते इन पर नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को रोजमर्रा के कामों के लिए घर से बाहर निकलते समय भी सतर्क रहना पड़ता है। पार्षद प्रतिनिधि ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाए। इसके तहत आवारा सांडों को पकड़कर सुरक्षित गौशालाओं अथवा निर्धारित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही जिन क्षेत्रों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं, वहां नियमित निगरानी और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शहरवासियों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। आवारा सांडों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाना जरूरी है, ताकि आम नागरिक बिना भय के सड़कों पर आवागमन कर सकें और किसी भी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो।